राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

हवामहल

बच्चों का झरोखा

27 मई 2023: शनिवार: वर्ष– 04: अंक – 06

गाजर शकरकंद
आज की कविता

गाजर शकरकंद तो न्योते में चल दिए हैं । उनके साथ लौकी, कद्दू , टमाटर और भिंडी भी अपना अपना एक्शन करते हुए एक एक करके आ रहे हैं। क्या होगा जब सब इकट्ठे होंगे ? मूली क्या करने वाली है इस न्योते में ? आइये जानते है इस कविता में, सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। Balgeet

सफ़ेद भालू
आज की कहानी

बर्फ से जमी धरती पर सफ़ेद भालू रहता है । एक बार कुछ आदमी समुद्र में फंस जाते है और भालू उनकी मदद करता है । इस मदद के बदले भालू को क्या मिलता है? क्या इंसान मदद के बदले उस बर्फ से भरी धरती पर उस भालू की मदद कर पाते है? जानने के लिए देखे और पढ़े यह रोचक कहानी ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। BookBox

कौनसा फल?
आज की किताब

दादाजी पहेली पूछते हैं और बच्चे उसका हल ढूंढते हैं। लेकिन उनकी एक पहेली ऐसी सामने आती है कि बच्चे चक्कर खा जाते हैं। वे पूरा बगीचा ढूंढते हैं कि वह कौन सा फल है? क्या तुम ढूंढने में मदद करोगे? चित्र पर क्लिक करो और कहानी के माध्यम से बच्चों की मदद करो ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Literacy Cloud

संतुलन बनाता बच्चा
आज की गतिविधि

सिर के बल खड़ा रहने वाला लड़का देखा है क्या तुमने? संतुलन बनाए रखना कितना कठिन है। चलो इस खिलौने को बनाने का मज़ा लेते हैं। गत्ता और पेपर पिन के सहारे आप भी बना सकते हैं संतुलन बनाता बच्चा । गतिविधि को देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

दहलीज के बाहर सामाजिक विज्ञान
टीचर्स कॉर्नर

सामाजिक विज्ञान के विषयवस्तु व्यक्ति और समाज हैं। इसका अध्ययन सिर्फ़ किताबों तक सीमित रह के किया जाना संभव नहीं। बच्चों के जीवन संदर्भों से जोड़ कर ही इसकी अवधारणाओं की समझ बनाई जा सकती है। इस सन्दर्भ में अपने कक्षा अनुभव बता रहे हैं अनिल सिंह। पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए। Pathshala

स्कूल में ताता
हमारा पुस्तकालय

पांच साल की ओवियम अपने दादाजी को स्कूल नहीं ले जाना चाहती। लेकिन दादाजी ओवियम के स्कूल जाने को बहुत इच्छुक हैं। ओवियम तमाम युक्ति अपनाती है कि दादाजी स्कूल न जा पाएं। यह किस तरह की समस्या है इसके मनोविज्ञान पर टिप्पणी कर रहे हैं अनिल सिंह।



शिक्षकों के लिए। Parag

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 161वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।